हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 17 जुलाई 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

जय जगन्नाथ के जयकारे के साथ निकली रथ यात्रा
4



## खबर संक्षेप

### पुर्नविकसित अमृत भारत स्टेशन योजना का शुभारंभ आज

**चांपा।** नगर के करोडों की लागत से पुर्नविकसित अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चांपा रेलवे स्टेशन में संपन्न कार्यो एवं अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन वर्चुअली माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुक्रवार 17 जुलाई को दोपहर 2 बजे से स्टेशन प्रांगण में आयोजित एक समारोह के दौरान किया जाएगा। समारोह में मुख्य रूप से जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती कमलेश जांगडे मौजूद रहेंगी। इसके अलावा केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखनलाल साहू भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। हालांकि उनके शामिल होने की अधिकाधिक पुष्टि नहीं हो पाई है। समारोह में शहर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया कर्मियों से उपस्थिति की अपील चांपा रेलवे स्टेशन परिवार ने की है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, 31 तक किसान करा सकते हैं बीमा

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 की अधिसूचित फसलों के बीमा पंजीयन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। योजना का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं, प्रतिकूल मौसम, फसल कटाई उपरांत होने वाली क्षति तथा अन्य अधिसूचित जोखिमों से किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिले के सभी किसान भाई-बहनों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय पर अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा कराएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले आर्थिक नुकसान की स्थिति में किसानों को सुरक्षा प्रदान करती है। इसलिए सभी किसान आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर बीमा कराकर शासन की इस किसान हितैषी योजना का अधिकतम लाभ उठाएं।

### सड़कों पर दौड़ रही कैज व्हील लगे ट्रैक्टर, लोग हो रहे चोटिल

**जांजगीर-चांपा।** इस समय सड़कों पर कैज व्हील लगे ट्रैक्टर दौड़ रहीं है और खेत जुताई के दौरान पहिये में फसें मिट्टी सड़क पर बिखर रहीं है। सड़क पर बिखरी मिट्टी पर दोपहिया, तीन पहिया और चार पहिये वाहन पर सवार लोग फिसल कर गिर भी रहें हैं। रात के समय भी ऐसे मार्ग पर आये दिन दुर्घटना होती रहतीं है।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए 21 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** विकासखंड बलौदा अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान करमा दुकान और शासकीय उचित मूल्य दुकान अंगारखार दुकान के आबंटन के लिए 21 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र के साथ-साथ संलग्न के रूप में संस्था, समूह का पंजीयन प्रमाण पत्र वर्तमान माह से विगत एक वर्ष तक के बैंक खाता स्टेटमेंट की छायाप्रति जमा कर सकते है।

### विद्यालय खुलने के महीने भर बाद भी बनी हुई है समस्या

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में शिक्षकों की कमी से नाराज छात्राएं उतरीं सड़क पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा



सड़क पर प्रदर्शनी करती छात्राएं।

स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम मीडिल स्कूल में शिक्षकों की कमी से नाराज छात्राओं ने सड़क पर प्रदर्शन किया। इस बीच जमकर नारेबाजी भी की। इस तरह की समस्या महीने भर से बनी हुई है। इसके बावजूद जिम्मेदार स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी छात्राओं की समस्या को लेकर गंभीर नहीं है।

गौरतलब है कि मालखरौदा के स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम मिडिल स्कूल में शिक्षकों की भारी कमी से नाराज छात्राओं के सब्र का बांध आखिरकार टूट गया। स्कूल में पढ़ाई ठप होने से आक्रोशित छात्राओं ने गुरूवार 16 जुलाई को प्रशासनिक अव्यवस्था के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सड़क पर चक्काजाम कर दिया और बीच सड़क पर ही बैठकर जमकर नारेबाजी की। स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम मिडिल स्कूल में स्कूल खुलने की एक माह बाद भी शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं, जिसके कारण बच्चों का भविष्य अंधकार में लटका हुआ है। कई बार गुहार लगाने के बाद भी जब शिक्षा विभाग ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया, तो छात्राओं ने खुद आवाज उठाने का फैसला किया।छात्राएं स्कूल से निकलकर सीधे मुख्य मार्ग पर आ गईं और सड़क पर धरने पर बैठ गईं। इस दौरान छात्राओं ने ₹हमें शिक्षक दो₹, ₹हमारी पढ़ाई चालू करो₹ जैसे नारे लगा रही थीं। सड़क जाम होने के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर पहुंचे एसडीएम, के पास छात्राओं ने रखी अपनी मांग चक्काजाम और उग्र प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मालखरौदा एसडीएम दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। छात्राओं ने एसडीएम को घेरते हुए अपनी पीड़ा बताई और कहा कि शिक्षक नहीं होने के कारण उनकी नियमित कक्षाएं नहीं लग पा रही हैं, जिससे उनका सिलेबस पिछड़ रहा है। छात्राओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक स्कूल में पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की जाती, वे अपना आंदोलन खत्म नहीं करेंगी। शिक्षा विभाग के सहायक शिक्षा अधिकारी चंद्रिका आर्मो ने तीन शिक्षक की नियुक्ति होने की बात कही। एसडीएम के आश्वासन और उचित कार्रवाई के भरोसे के बाद छात्राओं ने सड़क से धरना हटाया, जिसके बाद आवागमन बहाल हो सका। सामाजिक कार्यकर्ता रमेश विश्वकर्मा तारकेश्वर जायसवाल सूरज़ जांगड़े गजराज धीवर, महेंद्र मानिकपुरी का कहना है कि सरकार एक तरफ आत्मानंद स्कूलों के जरिए बेहतर शिक्षा का दावा कर रही है, वहीं दूसरी तरफ जमीनी हकीकत यह है कि बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षक तक नसीब नहीं हो रहे हैं। अगर जल्द ही शिक्षकों की व्यवस्था नहीं हुई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

#### की जाएगी कार्रवाई

शिक्षकों की कमी को लेकर छात्राओं ने अपनी समस्या बताई है। शिक्षक नही होने के कारण नियमित कक्षाएं प्रभावित हो रही है। शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

-रूपेन्द्र पटेल,
एसडीएम, मालखरौदा

# चक्काजाम करने वाले 6 नामजद समेत अन्य लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

### पामगढ़ के अंबेडकर चौक में मार्ग किया था अवरूद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़



फाईल फोटो

सड़क निर्माण की मांग को लेकर पामगढ़ के अंबेडकर चौक में मुख्य मार्ग पर चक्काजाम करने के मामले में 6 नामजद समेत अन्य लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

इस संबंध में पामगढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 3 जुलाई को सड़क निर्माण की मांग को लेकर कुछ लोगों द्वारा एक राय होकर पामगढ़ के आंबेडकर चौक में मुख्य मार्ग पर चक्का जाम किया गया था। सड़क अवरुद्ध होने से आम नागरिकों, यात्रियों एवं आवश्यक सेवाओं के आवागमन में गंभीर असुविधा उत्पन्न हुई। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना पामगढ़ पुलिस ने चक्काजाम करने के मामले में 6 नामजद समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। प्रकरण की विवेचना जारी है तथा चक्का जाम में शामिल सभी व्यक्तियों की पहचान एवं पतासाजी की जा रही है। आरोपियों के मिलने पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## कच्ची महुआ शराब के साथ महिला आरोपी गिरफ्तार

**बिर्रा।** अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ महिला को गिरफ्तार कर लिया है। महिला के कब्जे से 15 लीटर शराब जब्त किया गया है। मामला बिर्रा थाना अंतर्गत ग्राम करही का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना बिर्रा पुलिस द्वारा करही निवासी नागेश्वरी बंजारे के कब्जे से 15.4 लीटर कच्ची महुआ शराब को बरामद किया। इस दौरान आरोपिया के विरूद्ध अपराध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किया जाकर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बिर्रा राजीव श्रीवास्तव, पुलिस सहायता केंद्र करही प्रभारी सहायक उप निरीक्षक राम प्रसाद बघेल, प्रधान आरक्षक अनिल हंसराज, वीरेंद्र टंडन, आरक्षक सत्य प्रकाश भारद्वाज महिला आरक्षक रितु लहरे थाना बिर्रा एवं पुलिस सहायता केंद्र करही का योगदान रहा।

## ऑनलाइन सट्टे के नेटवर्क पर पुलिस ने की कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

जिले में ऑनलाइन सट्टे के अवैध कारोबार पर लगाम कसते हुए सायबर थाना एवं चांपा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन और 1 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। दोनों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि चांपा क्षेत्र में मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन अंकों पर हार-जीत का दांव लगाकर सट्टा संचालित किया जा रहा है। सूचना मिलते ही सायबर थाना और चांपा पुलिस की टीम ने संजय नगर वार्ड में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने उत्तम देवांगन निवासी संजय नगर चांपा को संदिग्ध अवस्था में मोबाइल के साथ पकड़ा गया। पूछताछ और मेमोरेण्डम के दौरान उसने बताया कि वह अपने रिश्तेदार किशन देवांगन 36 वर्ष निवासी स्टेशन रोड, सक्ती के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहा था। पुलिस द्वारा वैध दस्तावेज मांगने पर आरोपी कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने मौके से तीन मोबाइल फोन और 1 हजार रुपये नकद जब्त कर दोनों आरोपियों के विरुद्ध के तहत छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा 7 में अपराध पंजीबद्ध किया। इसके बाद दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### आदतन निगरानी बदमाश को 1 वर्ष के लिए किया गया जिला बदर

**जांजगीर-चांपा।** अलग- अलग धाराओं के तहत कुल 8 अपराधिक प्रकरण एवं 2 प्रकरणों में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए खिसोरा निवासी संग्राम सिंह रात्रे को 1 साल के लिए जिला बदर किया गया है। आरोपी के खिलाफ गुण्डागर्दी मारपीट, जान से मारने की धमकी देने, चोरी में शामिल होने कई मामले दर्ज है। इसके द्वारा अपराधिक कृत्य करने एवं संज्ञेय अपराध घटित करने तथा शांति भंग करने की पूर्ण आशंका होने से पुलिस अधीक्षक द्वारा बदमाश के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही हेतु कलेक्टर जांजगीर को विस्तृत प्रतिवेदन भेजा गया था। जिस पर कलेक्टर के आदेश जिला बदर किया गया है।

## सक्ती रेलवे स्टेशन बदहाली का शिकार, प्लेटफार्म पर गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



सक्ती रेलवे स्टेशन में फैली गंदगी।

जिला मुख्यालय का रेलवे स्टेशन, जहां से रोजाना हजारों की संख्या में यात्री अपनी मंजिलों के लिए सफर तय करते हैं, इन दिनों बदहाली के दौर से गुजर रहा है। जिसके चलते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि सक्ती स्टेशन परिसर और प्लेटफॉर्म पर फैली गंदगी, मवेशियों का जमावड़ा और चारों तरफ बिखरा गोबर रेल प्रशासन के स्वच्छता के दावों की पोल खोल रहा है। हालत यह है कि जहां यात्रियों के बैठने के लिए बेंच लगाई गई हैं, वहां गोबर का अंबार लगा हुआ है। प्लेटफॉर्म पर आवारा गाय और मवेशी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे न सिर्फ गंदगी फैल रही है बल्कि यात्रियों के लिए दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। स्टेशन के कई हिस्सों में फैली गंदगी और बदबू के कारण यात्रियों का वहां बैठना तो दूर, खड़े रहना भी दूभर हो गया है। यात्री दुर्गेश राठौर ने बताया कि रोजाना हजारों यात्रियों की आवाजाही वाले इस महत्वपूर्ण स्टेशन पर ऐसी गंदगी देखना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। प्लेटफॉर्म पर हर तरफ गोबर और गंदगी पसरी है, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है। रेल प्रशासन को इस पर तुरंत ध्यान देना चाहिए और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए। सक्ती जैसे जिला स्तरीय स्टेशन पर सुलभ शौचालय की गंदगी, प्लेटफॉर्म पर मवेशियों का आतंक और कचरे का अंबार इन दावों को ठेंगा दिखा रहा है। स्थानीय नागरिकों और नियमित यात्रा करने वाले यात्रियों ने रेल प्रबंधन और उच्च अधिकारियों से मांग की है कि स्टेशन परिसर से आवारा मवेशियों को बाहर किया जाए और सफाई के लिए कड़े कदम उठाए जाएं, ताकि यात्रियों को इस नारकीय स्थिति से निजात मिल सके।

## अपात्रों को बांटे जा रहे मकान, ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जनपद पंचायत सक्ती के अंतर्गत आने वाले ग्राम पोरथा में प्रधानमंत्री आवास योजना में अपात्र लोगों को योजना का लाभ देने का मामला सामने आया है। इसे लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर से लिखित शिकायत सौंपकर जांच की मांग की है।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि सर्वे और सत्यापन के नाम पर पोरथा में गड़बड़ी हो रही है। गांव के जिन लोगों के पास पहले से ही आलीशान पक्के मकान हैं, उनके मकानों को कागजों पर 'कच्चा' घोषित कर दिया गया है। इतना ही नहीं, शासकीय पेंशनधारियों और अविवाहित लोगों को भी नियमों के विपरीत जाकर इस योजना की पात्रता सूची में शामिल कर लिया गया है, जो कि पूरी तरह से गैरकानूनी है। ग्रामीणों ने शिकायत में स्पष्ट किया है कि यदि इस फर्जी सूची की बारीकी से जांच नहीं की गई, तो सरकार का करोड़ों रुपये का बजट उन लोगों के खातों में चला जाएगा जो इसके हकदार ही नहीं हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, इस हेरफेर के कारण लगभग 6 से 8 करोड़ रुपये की सरकारी राशि का दुरुपयोग होगा, जिससे वास्तव में झोपड़ियों और कच्चे मकानों में रह रहे गरीब और जरूरतमंद परिवार इस महती योजना के लाभ से वंचित रह जाएंगे। इस मामले को लेकर ग्राम पंचायत पोरथा के ग्रामीण मनबोध राठौर, मुकेश राठौर, राघवेंद्रपाल यादव ने कलेक्टर से शिकायत करते हुए इस पर कार्रवाई की मांग की है। इसे लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया है।

## पटवारी की मृत्यु पश्चात अनुकंपा नियुक्ति के लिए 16 सालों से भटक रही पत्नी

**जैजैपुर।** राजस्व विभाग में सेवा दे रहे पटवारी के असमय मृत्यु हो जाने के बाद उसकी पत्नी को अपने पति के विभाग में जमा पूंजी एवं अनुकम्पा नियुक्ति पाने को लेकर 16 वर्षों से लगातार शासकीय कार्यालय के चक्कर काटने विवश देखा जा रहा है।

जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम बेलादुला में निवास कर रही पटवारी स्व.महादेव सिदार की पत्नी खिरबाई ने कहा कि 16 वर्ष पूर्व उसका पति मालखरौदा तहसील के नकझर ग्राम हल्का में पटवारी के रूप में पदस्थ थे शासकीय सेवा के दौरान 1. 6.2010 उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई उसके पश्चात वह अपने बच्चों को लेकर दर दर के ठोकर खाने लगी, कुछ साल बाद उसका 25 वर्षी पुत्र ने दम तोड़ दिया। इस विकट स्थिति का सामना करते हुए उसने अपनी पुत्रवधू एवं नाती को लेकर विभाग के कई चक्कर लगा रही है।

### जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा मांग पत्र

# सात दिन में सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ तो पुल पर होगा चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा



एसडीएम को ज्ञापन सौंपने पहुंचे जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण।

तुस्मा से खैरताल तक की वर्षों से बदहाल और जर्जर सड़क को लेकर अब क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत और निर्माण में लगातार हो रही देरी के विरोध में क्षेत्र के दर्जनों सरपंचों एवं जिला पंचायत सदस्य ने मुख्यमंत्री के नाम शिवरीनारायण एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए सात दिनों के भीतर सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

शिवरीनारायण तुस्मा-खैरताल मार्ग की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि सड़क अब सड़क कम और गड्ढों से भरा तालाब अधिक दिखाई देती है। जिला पंचायत सदस्य नेहा रामचरण साहू ने मुख्यमंत्री के नाम शिवरीनारायण एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए सात दिनों के भीतर सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान,व्यापारी छात्र, छात्राएं कर्मचारी तथा आम नागरिक आवागमन करते हैं। क्षेत्र के कई गांवों के लोगों के लिए शिवरीनारायण प्रमुख व्यापारिक एवं प्रशासनिक केंद्र है,इसलिए रोजाना इसी मार्ग से आना-जाना मजबूरी है। विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन,दोपहिया और ऑटो चालकों के लिए यह सड़क किसी जोखिम से कम नहीं है। गहरे गड्ढों में वाहन का संतुलन बिगड़ जाने से कई बार वाहन पलटने की स्थिति बन जाती है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि सड़क की जर्जर स्थिति की शिकायत कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों से की जा चुकी है,लेकिन अब तक न तो प्रशासकीय स्वीकृति मिली और न ही निर्माण कार्य शुरू किया गया। इससे क्षेत्रवासियों में शासन और संबंधित विभाग के प्रति नाराजगी लगातार बढ़ रही है। जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो क्षेत्र के दर्जनभर ग्राम पंचायतों के सरपंच जनप्रतिनिधि और सैकड़ों ग्रामीण महानदी पुल के मुख्य मार्ग पर चक्का जाम करेंगे।

#### किए है निर्देशित

ज्ञापन के विषय में संबंधित विभाग को निर्देशित कर दिया गया है। जल्द ही इस दिशा में पहल की जाएगी।

-भावना साहू,
एसडीएम, शिवरीनारायण

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलौदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### ब्रह्मकमल खिला, दर्शन के लिए पहुंचे लोग

**कोरबा।** पाली नगर पंचायत पाली के दुर्गा पंडाल के समीप निवासी रमेश डिक्सेना के घर दुर्लभ ब्रह्मकमल का फूल खिलने की जानकारी परिवारजनों पता चला सभी ने दीप प्रज्वलित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। ब्रह्मकमल के खिलने की सूचना आसपास के क्षेत्र में फैलते ही बड़ी संख्या में लोग रमेश डिक्सेना के घर पहुंचने लगे। कई श्रद्धालुओं ने इस दुर्लभ दृश्य को अपने मोबाइल कैमरों में भी कैद किया। देर रात तक दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार ब्रह्मकमल का खिलना अत्यंत शुभ और आध्यात्मिक महत्व का प्रतीक माना जाता है। इसकी मनमोहक छटा और सुगंध ने सभी को आकर्षित किया।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 18 तक विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान

**कोरबा।** महिलाओं में होने वाले गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव के लिए किशोरियों में प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से जिले में 18 जुलाई तक विशेष एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत पात्र किशोरियों को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है। यह विशेष टीकाकरण अभियान जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा, करतला, पाली एवं पोड़ी-उपरोड़ा, स्वर्गीय बिसाहू दास स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय कोरबा, रानी धनराज कुंवर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा सहित जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत केवल वे किशोरियां पात्र होंगी जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, लेकिन अभी 15 वर्ष का जन्मदिन न मनाया हो। आयु प्रमाण के लिए आधार कार्ड अथवा अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्र मान्य होगा। यदि किसी हितग्राही के पास पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है तो अभिभावक द्वारा हस्ताक्षरित शपथ-पत्र के आधार पर भी टीकाकरण कराया जा सकेगा। टीकाकरण के उपरांत सभी लाभार्थियों का पंजीयन यू-विन पोर्टल पर किया जाएगा तथा उन्हें डिजिटल टीकाकरण प्रमाण-पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से राशनकार्ड सेवाओं का हुआ विस्तार

**कोरबा।** आम नागरिकों को राशनकार्ड संबंधी सेवाएं अधिक सुगम एवं सुलभ बनाने की दिशा में राज्य शासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम, 2012 तथा छत्तीसगढ़ राशनकार्ड नियम, 2012 के प्रावधानों के अंतर्गत अब नवीन राशनकार्ड जारी करने, राशनकार्ड में नए सदस्य का नाम जोड़ने तथा अपात्र या पृथक हुए सदस्यों का नाम विलोपित करने की सुविधा सेवा सेतु पोर्टल (ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल) के माध्यम से जिले के सभी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) एवं लोक सेवा केंद्रों पर उपलब्ध करा दी गई है। इस व्यवस्था के लागू होने से अब नागरिकों को राशनकार्ड संबंधी सेवाओं के लिए स्थानीय निकायों के साथ-साथ अपने निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर पर भी आवेदन करने की सुविधा मिलेगी। इस नई व्यवस्था के प्रभावी संचालन के लिए जिला प्रशासन के ई-गवर्नेंस विभाग के तत्वावधान में 13 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के सभी लोक सेवा केंद्र संचालकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में ई-गवर्नेंस की तकनीकी टीम द्वारा सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से राशनकार्ड संबंधी आवेदनों के ऑनलाइन निराकरण की चरणबद्ध प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

### रन फार ग्रीन थीम अंतर्गत ग्रीन मैराथान का आयोजन कल

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में रन फार ग्रीन के अंतर्गत ग्रीन मैराथान का आयोजन 18 जुलाई को किया गया है, प्रातः 7 बजे घंटाघर कोरबा से ग्रीन मैराथान प्रारंभ होगी। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कलेक्टर श्री दुदावत के दिशा निर्देशों के अनुरूप आदेश जारी कर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा सार्वजनिक प्रतिष्ठानों को आयोजन में उनके दायित्व सौपे हैं। रन फार ग्रीन के अंतर्गत 5 किलोमीटर रन ग्रीन मैराथान का आयोजन 18 जुलाई को प्रातः 7 से 9 बजे तक किया जायेगा, रन फार ग्रीन मैराथान प्रातः 7 बजे घंटाघर मैदान से प्रारंभ होकर विभिन्न मुख्य मार्गो से गुजरते हुये वापस डा.भीमराव अंबेडकर ओपन आडिटोरियम में समाप्त होगी, तत्पश्चात घंटाघर से पं.रविशंकर शुक्ल नगर की ओर जाने वाली मुख्य सड़क में एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण किया जायेगा, साथ ही इस आयोजन के पश्चात अगले 7 दिनों तक एक पेड़ मां के नाम का आयोजन कर शहर के मुख्य मार्गो, उद्यानों, रिक्त भू-भागों पर प्लांटेशन किया जायेगा। रन फार ग्रीन मैराथान के सुव्यवस्थित आयोजन हेतु कलेक्टर कुणाल दुदावत के अनुमोदन पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आदेश जारी कर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों को उनके दायित्व सौपे हैं।

# गैर शिक्षकीय कर्मचारियों को डीपीआई ने कर दिया एकतरफा कार्यमुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय विभागों में अटैच स्कूलों के गैर शिक्षकीय कर्मचारी बाबू से लेकर भृत्य को डीपीआई ने मंगलवार को एक तरफा कार्यमुक्त करते हुए आदेश जारी कर एक सप्ताह के भीतर ऑनलाइन उपस्थिति देने के आदेश दिए हैं। नहीं देने वाले कर्मचारियों को जुलाई माह का वेतन नहीं दिया जाएगा। विभाग के इस आदेश से कर्मचारियों में हड़कंप मचा है। आदेश में कार्यमुक्त नहीं करने वाले अधिकारी का भी वेतन रोकने का उल्लेख किया गया है।

शासकीय स्कूलों के लिए भर्ती किए गए एकाउंटेंट, भृत्य के साथ सहायक ग्रेड 3 गैर शिक्षकीय कर्मचारी पिछले लंबे समय से जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों में संलग्न हैं। अब तक शिक्षकों को ही कार्यमुक्त करने के आदेश जारी होते रहे हैं लेकिन अब पहली बार स्कूलों के गैर शिक्षकीय कर्मचारियों को भी सीधे कार्यमुक्त कर दिया गया है। और कड़े निर्देश के साथ एक सप्ताह के अंदर अपनी मूल शाला में ऑनलाइन उपस्थिति देने के निर्देश दिए गए हैं। उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में ऐसे कर्मचारियों का जुलाई माह का वेतन रोक दिया जाएगा। साथ ही साथ जो आहरण अधिकारी गैर शिक्षकीय कर्मचारियों को कार्यमुक्त नहीं करेंगे उनका भी जुलाई माह का वेतन रोका जाएगा। जिले में ब्लाक मुख्यालय से लेकर जिला मुख्यालय के सरकारी दफ्तरों में अधिकांशतः बाबू और भृत्य बड़ी संख्या में अटैच किए गए हैं। जिन्हें आमतौर पर लोग उसी विभाग का कर्मचारी समझते आए हैं जबकि ये कर्मचारी जिले के विभिन्न स्कूलों में पदस्थ हैं और अपनी सुविधा का लाभ लेते हुए सरकारी दफ्तरों में अटैच हो गए हैं। इनके लिए कार्यमुक्त करने जैसा आदेश नहीं होने पर ये अब तक कार्यमुक्त नहीं होते थे। अब सीधे कार्यमुक्त किए जाने से इन्हें हर हाल में अपनी मूल शाला में उपस्थिति देना होगा।

## मंगलवार को जारी आदेश से विभागों में मचा हड़कंप

### खास बातें

- ऑनलाइन उपस्थिति देने के दिए आदेश, कटेगा वेतन
- लंबे समय से कई विभागों में थे संलग्न




### नियमित भृत्य शासकीय विभागों में अटैच

हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों के लिए भर्ती किए गए भृत्य विभागों में अटैच हैं। जिनमें शिक्षा विभाग से लेकर आदिवासी विकास विभाग, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जनपद कार्यालय आदि शामिल हैं और स्कूलों में सफाई व्यवस्था के लिए मानदेय पर भृत्यों की भर्ती हुई है। इस आदेश से भृत्य मूल शाला में पहुंचेंगे। मानदेय भृत्य के कार्यों पर सवाल खड़ा हो गया है।

## कोरबा ने देश की स्वच्छता रैंकिंग में हासिल किया 8वां स्थान

# नगर निगम ने 16 महीनों में विकास के तय किए नए सोपान, 537 करोड़ के विकास कार्य हुए पूरे : संजूदेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम ने 16 महीनों में विकास के नए सोपान तय किए हैं। इस दौरान 537 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए गए। 434 नए विकास कार्यों को स्वीकृति मिली, जिनमें 76 पूरे हो चुके हैं, 149 निर्माणाधीन हैं और 209 कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएंगे। 165 करोड़ की सीवरेज योजना व 40 ई-बसें और अधोसंरचना कार्यों से शहर संवर रहा है। 15वें वित्त आयोग के तहत निगम के सभी 67 वार्डों में 35 करोड़ की लागत से 115 कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई है जिसकी टेंडर प्रक्रियाधीन है।

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने बुधवार को पंचवटी में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर निगम के सभी 67 वार्डों में सड़क, नाली, पानी, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास पर लगातार काम किया गया। महापौर ने कहा कि उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान दिलाना रही। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को मजबूत किया गया, बड़े होटल और शादीघरों के कचरा प्रबंधन के लिए सख्ती बरती गई तथा सफाई व्यवस्था में आवश्यक बदलाव किए गए। 16 एसएलआरएम केंद्रों का आठ करोड़ रुपये की लागत से उन्नयन किया जा रहा है। वर्तमान में 10 किलोमीटर सड़कों की सफाई रोड स्वीपिंग मशीन से हो रही है और 12 किलोमीटर अतिरिक्त सड़कों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप कोरबा ने देश के स्वच्छ शहरों में आठवां स्थान हासिल किया। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण, रंग-रोगन और प्रतीक चिन्हों की स्थापना भी कराई गई। महापौर की पाती और कनेक्ट टू कमिश्नर जैसी पहल से नागरिकों की शिकायतों का 24 घंटे के भीतर निराकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला खनिज न्यास मद से हॉकी स्टेडियम, इंडोर स्टेडियम, बॉक्स क्रिकेट मैदान और सिंथेटिक रनिंग ट्रैक के निर्माण की योजना है। शहर के गीले कचरे से बायोगैस बनाने की परियोजना, मिशन वरुण के माध्यम से जलकर वसूली, राइफल शूटिंग रेंज एवं अकादमी की स्थापना, शहर के जैन चौक से होते हुए आईटीआई चौक व कोसाबाड़ी चौक तक 30 करोड़ की लागत से गौरव पथ का निर्माण किया जाएगा जो इसी माह शुरु कर दिया जाएगा। इसके अलावा कोसाबाड़ी से घंटाघर व घंटाघर से सीएसईबी चौक होते हुए सुनालिया चौक का डामरीकरण कार्य के लिए टेंडर जारी किया जा चुका है। बरसात के बाद जल्द ही कार्य शुरु किया जाएगा। इसके अलावा खनिज न्यास मद से 30 करोड़ की लागत से सभी प्रमुख सड़कों के जीर्णोद्धार व डामरीकरण के कार्य की भी जल्द स्वीकृति प्राप्त होने जा रही है। शहर के सीएसईबी, सुनालिया रेलवे क्रॉसिंग में लगने वाले जाम को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि पीडब्ल्यूडी सीएसईबी चौक में वाय शेप ओवरब्रिज निर्माण को लेकर योजना बना रही है ।

### खास बात

- डंपिंग प्लाट को बंद कर बनाया गया स्मॉल गार्डन



मीडिया से मुखातिब होते महापौर संजूदेवी राजपूत एवं निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय।

### फल विक्रेताओं के लिए बनेगा फ्रूट जोन

व्यापारिक और यातायात व्यवस्था में सुधार को लेकर उन्होंने कहा कि बुधवारी बाजार, कोसाबाड़ी डेली मार्केट और घंटाघर क्षेत्र की वर्षों पुरानी अव्यवस्था को दूर किया गया। चौपाटी को व्यवस्थित फूड जोन के रूप में विकसित किया गया, जिससे सड़क किनारे लगने वाले ठेलों का बेहतर प्रबंधन हुआ और जाम की समस्या कम हुई। फुट ओवरब्रिज का उपयोग बढ़ा है तथा छोटे व्यापारियों के लिए दुकानें बनाकर आवंटित की गई हैं। कोसाबाड़ी में सब्जी विक्रेताओं के लिए भी व्यवस्थित व्यवस्था बनाई गई है। मल्टीलेवल पार्किंग परिसर के पास फ्रूट जोन विकसित कर फल विक्रेताओं को भी एक स्थान पर व्यवस्थित करने की योजना है।

### 211 करोड़ से बनेगा टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट

महापौर ने बताया कि शहर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए कई बड़ी परियोजनाएं शुरू की गई हैं। 211 करोड़ रुपये की लागत से 20 एमएलडी क्षमता का टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जाएगा, जबकि 33 एमएलडी क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माणाधीन है, जिससे गंदे पानी को हसदेव नदी में जाने से रोका जा सकेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दादर खुर्द में तैयार आवासों का 22 जुलाई को आवंटन होगा। लंबे समय से बंद पड़े मल्टीलेवल पार्किंग भवन को भी उपयोग में लाया जाएगा, जहां पार्किंग के साथ 40 से अधिक दुकानों का आवंटन किया जाएगा।

### जनदर्शन में शिकायतकर्ता और खाद्य निरीक्षक के बीच हुई बहस

**कोरबा।** बीते सोमवार को कलेक्ट्रेट में जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग की उपस्थिति में चल रहे जनदर्शन के दौरान फरियादी और खाद्य निरीक्षक के बीच बहस होने को लेकर फरियादी के द्वारा इस मामले की शिकायत कलेक्टर से की गई है। इस मामले के अनुसार लोजपा के जिलाध्यक्ष राजकुमार दुबे जनदर्शन में पीडीएस दुकान से वितरीत होने वाले चावल एवं नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा पीडीएस दुकानों में किए जाने वाले भंडारण के दौरान होने वाली गड़बड़ियों को लेकर जनदर्शन में पहुंचे हुए थे उनके द्वारा इस मामले से जिला पंचायत श्री नाग को अवगत कराया जा रहा था इस दौरान श्री नाग ने मौके पर उपस्थित खाद्य निरीक्षक संतोष कंवर से इसकी जानकारी ली तो उनके द्वारा दी जा रही जानकारी को लोजपा जिलाध्यक्ष ने अधिकारियों को गुमराह करने वाली जानकारी देने की बात कही। इस मामले को लेकर खाद्य निरीक्षक श्री कंवर और लोजपा जिलाध्यक्ष श्री दुबे के बीच जिला पंचायत सीइओ दिनेश नाग के सामने ही बहस हो गई। जिसकी शिकायत लोजपा जिलाध्यक्ष ने लिखित में कलेक्टर से की है।

TOP IN JANJGIR
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

# खदान में लूटपाट करने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सभी थाना व चौकी क्षेत्रों में लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में एसईसीएल गेवरा खदान में केबल वायर के लिए लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को दीपका पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षा अधिकारी सीआईएसएफ ने थाना दीपका में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि 7 जुलाई की रात्रि को अज्ञात लोगों ने लूटपाट कि घटना को अंजाम दिया था। मामले में दीपका पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी की जा रही थी। पतासाजी के दौरान मुखबिर से सुचना के आधार पर दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने रलिया हरदीबाजार निवासी अरुण चौहान उर्फ दादू चौहान उम्र 23 साल पिता चंद्रिका चौहान, रोहित यादव उम्र 18 साल पिता प्रताप सिंह यादव एवं राजू प्रसाद चौहान उम्र 39 साल पिता बहत राम चौहान को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से माल मशरुका भी जब्त किया गया है। पकड़े गए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु आनलाईन आवेदन 31 तक

**कोरबा।** केंद्र सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से द्वारा 3 दिसम्बर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जायेगा, इसका प्रमुख उद्देश्य दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में किये गये शानदार कार्यो एवं बेहतरीन उपलब्धियों को पहचानना एवं उन्हें सम्मान देना हैं, इस राष्ट्रीय पुरस्कार का मकसद उन लोगों, संस्थाओं, संगठनों, एम्प्लायर्स और दूसरे स्टेक होल्डर्स को बढ़ावा देना हैं, जिन्होने दिव्यांग लोगों के लिये समावेशी और आसान समाज बनाने में अपना अहम योगदान दिया है।

# शहर के मेन रोड पर बेतरतीब वाहन पार्किंग करने वालों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में यातायात व्यवस्था बिगडऩे वाले कई वाहन चालकों पर यातायात पुलिस ने कार्यवाही करते हुए क्रेन से उठवा ली। पावर हाउस रोड स्थित पाम मॉल के सामने पुलिस ने दोपहिया गाडिय़ों को क्रेन से उठवाने की कार्यवाही की है।

सड़कों में बेतरतीब ढंग से वाहनों को पार्किंग करने के कारण आवागमन पर खासी परेशानी होती है। इसी तरह पुराना बस स्टैंड और निहारिका क्षेत्र में भी पुलिस पार्टी ने पहुंचकर अभियान चलाया। यहां दुकानों के बाहर सडक़ का काफी लोगों ने अपनी गाडिय़ों के जरिए बाधित किया। ऐसे भी आना करने वाले लोगों के सामने समस्याएं खड़ी हुई और परेशानी को दूर करने के लिए लगातार हॉर्न का उपयोग करना पड़ा। इससे जन सामान्य के सामने मुश्किलें हुई। यातायात पुलिस के सउनि मनोज राठौर ने बताया कि इस तरह के अभियान को लगातार इंप्लीमेंट किया जाना है। कुल मिलाकर कोशिश यही है कि किसी भी तरीके से लोगों के भीतर ट्रैफिक सेल्स अच्छी प्रकार से समझ आए।



















# यश की टॉक्सिक से क्लैश बदलेगी ईठा की रिलीज डेट

**मुंबई।** यश की 'टॉक्सिक' और श्रद्धा कपूर की 'ईठा' का बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होने वाला है। दोनों ही फिल्मों को लेकर काफी बज है। हालांकि, अब खबरें हैं कि 'ईठा' की रिलीज पोस्टपोन की जा सकती है। साउथ सुपरस्टार यश फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर खबरों में हैं। ये फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी लेकिन फिल्म पोस्टपोन हुई और अब फिल्म 26 अगस्त को रिलीज हो रही है। यश की 'टॉक्सिक' को लेकर बज इतना ज्यादा है कि बाकी फिल्ममेकर अपनी फिल्में इस समय रिलीज करने से परहेज कर रहे हैं. हाल ही में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की फिल्म वेवान की रिलीज डेट भी पोस्पोन हुई।



लाइफ Style

# शहनाज

## पर्सनल लाइफ पर बात करने से किया इंकार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में शहनाज गिल और राघव जुयाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था, जिसके बाद दोनों के अफेयर की चर्चाएं तेज हो गई थीं। अब शहनाज ने इन अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

एक इंटरव्यू के दौरान जब शहनाज से राघव जुयाल के साथ उनके रिश्ते को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने अपनी निजी जिंदगी पर बात करने से साफ मना कर दिया। उन्होंने कहा, 'प्लीज मुझसे पर्सनल सवाल मत पूछिए।' शहनाज ने राघव को अपना बेहद करीबी और अच्छा दोस्त बताया। उन्होंने अफेयर की खबरों पर ध्यान न देते हुए बातचीत का रुख राघव के काम की तरफ मोड़ दिया। शहनाज ने राघव की आने वाली फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' को सपोर्ट करने की अपील की है। उन्होंने राघव की तारीफ करते हुए कहा, राघव पहली बार किसी फिल्म में बतौर मुख्य अभिनेता नजर आने वाले हैं। उनका कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं है, उन्होंने आज जो भी मुकाम हासिल किया है वह सिर्फ अपनी मेहनत और टैलेंट के दम पर किया है। इसलिए, सभी लोग सिनेमाघरों में जाकर उनकी फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' को जरूर देखें और उन्हें पूरा सपोर्ट करें। फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' दुनिया भर के सिनेमाघरों में 30 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन विवेक बी. अग्रवाल ने किया है। यह एक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में राघव जुयाल मुख्य भूमिका (अजय सिंह) में नजर आएंगे।

हॉलीवुड मसाला




# ऑब्सेशन के सीक्वल की कोई योजना नहीं

**लॉस एंजिल्स।** ऑब्सेशन फिल्म के मुख्य अभिनेता माइकल जॉनस्टन ने एक इंटरव्यू में यह साफ किया है कि इस फिल्म के सीक्वल की फिलहाल कोई योजना नहीं है। माइकल ने कहा कि हालांकि वे इस फिल्म के अगले भाग में काम करना पसंद करेंगे, लेकिन अभी ऐसा कोई प्लान नहीं है। माइकल ने मजाक में कहा कि फिल्म में उनके किरदार 'बेयर' को जो अंत मिला, दर्शक उसी के हकदार उसे मानते थे। इसलिए शायद ही लोग उसकी वापसी चाहें। हालांकि, उन्होंने फिल्म के निर्देशक करी बार्कर के उस आइडिया की तारीफ की, जिसमें इस फिल्म को एक अलग-अलग कहानियों वाली सीरीज में बदलने की बात कही गई है।



# एंजेलिना-ब्रैड की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

**लॉस एंजिल्स।** एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी जहारा की उम्र 21 साल है। हाल ही में जहारा ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने ब्रैड पिट का सरनेम अपने नाम से अलग कर लिया है। इससे पहले उनकी बहन शिलोह और भाई मैडॉक्स भी ऐसा कर चुके हैं। ब्रैड पिट का सरनेम अपने नाम से जहारा ने कानूनी प्रक्रिया के तहत हटाया है। टीएमजेड को मिले अदालती दस्तावेजों के मुताबिक जहारा ने कैलिफोर्निया के कानून के हिसाब से लगातार चार मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्रैड पिट का मानना है कि बच्चों के साथ उनके खराब रिश्ते के लिए एंजेलिना जोली जिम्मेदार हैं। साल 2016 में बैड पिट और एंजेलिना जोली ने तलाक लिया था। यह तलाक हॉलीवुड में सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। दरअसल, हॉलीवुड फैंस के बीच यह कपल आइडल माना जाता था, ऐसे में इनका अलग होना फैंस को दुखी कर गया।



# जिंदगी ना मिलेगी दोबारा के पूरे हुए 15 साल

**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन, फरहान अख्तर और अभय देओल की अदाकारी वाली फिल्म 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' की रिलीज को बुधवार को 15 साल हो चुके हैं। इस मौके पर फरहान अख्तर ने अपनी इस फिल्म को याद किया है। उन्होंने इस फिल्म की कई बीटीएस तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ एक नोट लिखा है। फरहान ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें फिल्म 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' के कलाकार नजर आ रहे हैं। बीटीएस तस्वीरों में फरहान, ऋतिक रोशन, अभय देओल, कटरीना कैफ और कल्कि कोचलिन भी नजर आ रही हैं। तस्वीरों के साथ अभिनेता ने कैप्शन में लिखा '15 साल, अब भी हर पल का भरपूर फायदा उठा रहा हूं। फिल्म के 15 साल पर जश्न मना रहा हूं।' फरहान अख्तर की पोस्ट पर विनीत कुमार सिंह ने लिखा 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा क्लासिक है।'



# मुसाफिर कैफे का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** विक्रांत मैसी, वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना की 'मुसाफिर कैफे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें तीन मुसाफिरों की अधूरी प्रेम कहानी की झलक देखने को मिली है। दर्शक इसे 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे। 'मुसाफिर कैफे' दिव्य प्रकाश दुबे के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है। ट्रेलर की शुरुआत लाइब्रेरी के एक सीन से होती है, जहां चंदर (विक्रांत मैसी) और सुधा (वेदिका पिंटो) एक-दूसरे से बातें कर रहे हैं। वहीं, बैकग्राउंड में आवाज आ रही है, 'जिंदगी में हर मुसाफिर किसी वजह से मिलता है। कोई थोड़ी देर के लिए। कोई जिंदगी भर के लिए'। इसके बाद सुधार और चंदर के बीच करीबी बढ़ती है। दोनों साथ घूमते-फिरते हैं। प्यार होता है। वेदिका कहती हैं, 'तुम जैसे लोग थोड़ी देर से मिलते हैं'।

टीवी मसाला



# मम्मी आ रही हैं! टप्पू की बात सुन झूमे जेठालाल...

**नई दिल्ली।** टेलीविजन इतिहास के सबसे लोकप्रिय कॉमेडी शोज में से एक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में दयाबेन का कैरेक्टर बहुत पॉपुलर था। इस कैरेक्टर को दिशा वकानी निभा रही थीं। वो 2017 में मैटरनिटी लीव पर गई थीं और इसके बाद उन्होंने शो में वापसी ही नहीं की। पिछले करीब 9 सालों से शो से गायब चल रहीं दर्शकों की सबसे चहेती 'दया भाभी' यानी दयाबेन आखिरकार गोकुलधाम सोसाइटी में वापसी करने जा रही हैं। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का नया प्रोमो रिलीज हो गया है, जिसने फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। करीब 9 साल बाद शो में दयाबेन की वापसी होने जा रही है। सामने आए लेटेस्ट प्रोमो वीडियो की शुरुआत बेहद इमोशनल और धमाकेदार अंदाज में होती है। जेठालाल के बेटे टप्पू को घर में बेहद उत्साहित होकर चिल्लाते हुए देखा जा सकता है। टप्पू बेहद खुश होकर दादाजी (बापूजी) और जेठालाल के सामने आकर कहता है, 'क्या मम्मी आ रही हैं!' ये सुनते ही जेठालाल की आंखें फटी की फटी रह जाती हैं और उनके चेहरे पर एक बड़ी सी मुस्कान आ जाती है। अपनी प्यारी दया के आने की खबर सुनते ही जेठालाल खुशी से फूले नहीं समाते और झूमने लगते हैं। पूरे गोकुलधाम में इस बात को लेकर हलचल तेज हो गई है कि उनकी चहेती दयाबेन वापस लौट रही हैं। दया भाभी की वापसी की सुगबुगाहट सुनते ही जेठालाल तुरंत अपने परम मित्र और 'फायर ब्रिगेड' तारक मेहता के पास पहुंचते हैं।

## उड़ने की आशा में आएगा नया मोड़

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'उड़ने की आशा' इन दिनों चर्चा में है। हाल ही में शो से एक बड़ी अपडेट सामने आई है, जो दर्शकों को चौंका सकती हैं।



प्रोड्यूसर राहुल कुमार तिवारी के इस शो का प्रोमो हाल ही में रिलीज हुआ, जिसमें दिखाया गया कि जल्द ही 7 साल का लीप आने वाला है। हालांकि, सालों बाद किरदारों के चेहरे भी बदलने वाले है। हाल ही में आए प्रोमो में 7 साल बाद सब कुछ बदलने वाला है। देशमुख परिवार टूट जाता है और सचिन-सायली भी अलग हो जाते है। इतना ही नहीं, सायली की सास रेणुका का किरदार भी बदलने वाला है, जिन्होंने अपने कठोर किरदार से अपनी पहचान बनाई थी। एक्ट्रेस राधिका विद्यासागर को रेणुका के किरदार में खूब पसंद किया गया, हालांकि अब वो इस शो को अलविदा कर रही है। उनकी जगह पर अब 'मैडम सर' की पॉपुलर एक्ट्रेस सोनाली नाइक नजर आएंगी और उन्होंने खुद इसकी जानकारी सास बहू और साजिश को दी है।

# 10000 गाने बनाने वाले संगीत के जादूगर, जिनकी धुनों पर सजती थी रफी और लता की आवाज...

*__नई दिल्ली।__ भारतीय सिनेमा में कई दिग्गज संगीतकार हुए हैं, जिन्होंने एक से बढ़कर एक गीत और कंपोजिशन दिए हैं। आनंद बख्शी से लेकर- आर बर्मन और लक्ष्मीकांत प्यारेलाल की जोड़ी से लेकर खय्यम तक जैसे लीजेंडरी म्यूजिशियंस ऐसे थे जिन्होंने कई गानों की बेहतरीन कंपोजिशन दी और कई बेहतरीन गाने लिखे भी। इनके लिखे गीत सालों बाद भी सदाबहार हैं और कई तो कल्ट क्लासिक बनकर उभरे हैं। इन्हीं में से एक संगीतकार ऐसे थे जिन्होंने अपने पूरे करियर में 10 हजार से ज्यादा गीत लिखे और कंपोज किए। उन्होंने ना सिर्फ हिंदी बल्कि गुजराती सिनेमा में भी कई शानदार गीत दिए और उनके गाये गीतों को लीजेंडरी गायक मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर ने अपने आवाज में पिरोया है।*



***40 के दशक में मिली सफलता :*** अविनाश व्यास 1912 में गुजरात में जन्मे थे और उन्होंने उस्ताद अलाउद्दीन खान से ट्रेनिंग ली थी। उन्होंने अपने करियर की पहली सफलता 1948 में रिलीज हुई फिल्म गुणसुंदरी से मिली थी जो गुजराती और हिंदी दोनों भाषाओं में बनी थी।

## 190 गुजराती फिल्मों में भी दिया संगीत

भारतीय संगीत के वो महान जादूगर थे जिन्होंने अपने कॅरियर में 10 हजार गीत लिखे और उन्हें कंपोज किया, वे थे अविनाश व्यास, जिन्होंने गुजराती सिनेमा में लगभग 190 फिल्मों के लिए संगीत दिया और रफी साहब और लता दीदी से अपने सदाबहार गीतों को आवाज दिलवाई।

## अविनाश व्यास के वो गीत, जिन्हें रफी-लता ने गाया

मोहम्मद रफी ने फिल्म लक्ष्मी के लिए पोलम पोल गीत गाया था इसके अलावा लता मंगेशकर ने फिल्म मेहंदी रंग लग्यो के लिए मेहंदी ते ववी मालवे, फिल्म कैलाशपति के लिए जा रे बादल जा जैसे गीत गाए थे। इतना ही नहीं उस दौर के बेहतरीन सिंगर्स जैसे मुकेश, मन्ना डे, तलत महमूद, आशा भोंसले, गीता दत्त, किशोर कुमार ने भी उनके गीतों को अपनी आवाज दी थी।

# नास्तिक हूं, मगर किसी धर्म का अनादर नहीं करता : अन्नू कपूर

**नई दिल्ली।** अन्नू कपूर अपकमिंग कॉमेडी फिल्म 'उत्तर दा पुत्तर' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वह फिजिक्स प्रोफेसर का रोल निभा रहे हैं। फिल्म में वह वास्तु में अटूट आस्था की कहानी को आगे बढ़ाते हैं। उनके मुताबिक यह उनकी अपनी सोच से बिल्कुल अलग है। उनका मानना है कि एक एक्टर की निजी सोच और उनके निभाए गए किरदारों के बीच फर्क होना चाहिए। अन्नू कपूर कहा कि 'मैं नास्तिक हूं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं किसी धर्म या किसी की आस्था का अनादर करता हूं। जब प्रोड्यूसर संदीप कपूर मेरे पास एक ऐसे फिजिक्स प्रोफेसर का रोल लेकर आए जो वास्तु में विश्वास करता है, तो मैंने उसे स्वीकार कर लिया। एक एक्टर के तौर पर, मुझे ऐसे किरदार निभाने का मौका उत्साहित करता है जो असल जिंदगी में मेरी अपनी पर्सनैलिटी से बिल्कुल अलग हों।' उन्होंने आगे कहा 'मैंने उत्सुकता और जानकारी के लिए हस्तरेखा शास्त्र और ज्योतिष पर कई किताबें पढ़ी हैं। मगर ये मेरे निजी अनुभव और शौक हैं। इन्हें एक एक्टर के तौर पर मेरे प्रोफेशनल काम से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।'



उन्होंने कहा 'कई बार मेरे बयानों को संदर्भ से हटकर पेश किया जाता है। मैंने कभी किसी की आस्था का मजाक नहीं उड़ाया और न ही कभी अपनी बातों से किसी को दुख पहुंचाने की कोशिश की है। मैं हर व्यक्ति की अपनी पसंद की चीजों में विश्वास रखने की आजादी का सम्मान करता हूं।' फिल्म से दर्शकों को क्या उम्मीद करनी चाहिए, इस पर कपूर का मानना है कि 'उत्तर दा पुत्तर' में मजाक-मस्ती के साथ-साथ एक अहम संदेश भी है। 'यह फिल्म मनोरंजन तो करती ही है, साथ ही दर्शकों को एक जरूरी संदेश भी देती है। मैं बस सबसे यही कहूंगा कि ट्रेलर को आखिर तक देखें। जब मेरे किरदार की पत्नी उससे कहती है 'इस वास्तु के चक्कर में तुम डरपोक हो गए हो,' तो यह एक डायलॉग ही फिल्म की असल बात को बयां कर देता है।'

## अमिताभ और इरफान ने भी निभाए कोच के रोल

# फीफा वर्ल्ड कप फाइनल से पहले देखें फुटबॉल पर बनी ये फिल्में

*__नई दिल्ली।__ फीफा वर्ल्ड कप फाइनल का क्रेज अपने चरम पर है और ऐसे में फुटबॉल पर बनी हिंदी फिल्मों को याद करना तो बनता है। जानिए कुछ ऐसी फिल्मों के बारे में जो फुटबॉल स्पोर्ट के इर्द-गिर्द घूमती है। भले ही बॉलीवुड में फुटबॉल पर कम फिल्में बनी हों, लेकिन जो भी आईं, उन्होंने दिल जरूर जीता। इनमें केके मेनन, अरशद वारसी, इरफान खान और अमिताभ बच्चन जैसे कलाकारों ने भूमिका निभाई है।*

### हिप हिप हुर्रे

1984 में बनी यह फिल्म एक सरल लेकिन दिल छू लेने वाली कहानी है। फिल्म एक स्कूल के अस्थायी स्पोर्ट्स टीचर की कहानी है, जो बच्चों को फुटबॉल सिखाते-सिखाते उन्हें जिंदगी के सबक भी सिखाता है। इसमें राज किरण लीड रोल में हैं।

### द गोल

1999 में बनी इस फिल्म में फुटबॉल के प्रति जुनून और संघर्ष को दिखाया गया है। यह एक कम जानी-पहचानी लेकिन अलग तरह की फिल्म है, जिसमें इरफान खान अहम किरदार में हैं।



### धन धना धन गोल

इस फिल्म में लंदन में बसे भारतीयों की एक फुटबॉल टीम की कहानी है, जो भेदभाव और मुश्किलों से लड़ते हुए अपनी पहचान बनाते हैं। फिल्म में स्पोर्ट्स, इमोशन, टीम स्पिरिट का अच्छा कॉम्बिनेशन देखने को मिलता है। इसमें जॉन अब्राहम और अरशद वारसी लीड रोल में हैं।



### सिकंदर

फिल्म में कश्मीर के बैकग्राउंड पर फोकस्ड एक बच्चे की कहानी है, जिसे फुटबॉल बहुत पसंद है, लेकिन हालात उसकी जिंदगी बदल देते हैं। 2009 में बनी ये फिल्म एक इमोशनल और सोचने पर मजबूर कर देती है।

### पेनल्टी

यह फिल्म दिखाती है कि कैसे एक नॉर्थ-ईस्ट का खिलाड़ी फुटबॉल के जरिए अपनी पहचान के लिए लड़ता है। 2019 में बनी इस फिल्म में केके मेनन लीड रोल में हैं।

### झुंड

इस फिल्म में एक रिटायर्ड टीचर झुग्गी के बच्चों को फुटबॉल सिखाकर उनकी जिंदगी बदलने की कोशिश करता है। ये फिल्म सच्ची कहानी से प्रेरित। 2022 में बनी इस फिल्म में अमिताभ बच्चन लीड रोल में हैं।

### मैदान

2024 में आई अजय देवगन की इस फिल्म में भारतीय फुटबॉल के गोल्डन एरा की कहानी है, जहां एक कोच टीम को नई ऊंचाइयों तक ले जाता है।

## खबर संक्षेप

### किरारी हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने देखा विधानसभा का मानसून सत्र



**किरारी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, किरारी के लगभग 50 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ विधानसभा पहुंचकर मानसून सत्र की कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने दर्शक दीर्घा से सदन की कार्यवाही को गंभीरता से देखा और अकलतरा विधायक राघवेन्द्र सिंह का आसंदी से दिया गया भाषण भी सुना। विद्यालय की प्राचार्य अंजूला सोनी ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए विधानसभा भ्रमण एक उत्कृष्ट शैक्षणिक पहल साबित हुई। उन्होंने कहा कि कक्षा में पढ़ाए जाने वाले विषयों को प्रत्यक्ष रूप से देखने और समझने से विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि होती है तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी समझ और अधिक मजबूत होती है। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता रजनी पाण्डेय, सीता कुर्रे, अनुरंजिता सिंह, सुभाष कश्यप, समन्वयक रविन्द्र शर्मा, करूणा यादव, दीपक भानू, अनुभव तिवारी, भूपेन्द्र कंवर, विकास मसीह उपस्थित रहे।

### रोल प्ले आधारित शिक्षण से बढ़ा बच्चों का आत्मविश्वास, सीखना बना आनंददायक



**सक्ती।** शासकीय प्राथमिक शाला झालरौंदा में शिक्षिका श्रीमती चंचला चन्द्रा द्वारा अपनाई गई रोल प्ले आधारित शिक्षण पद्धति बच्चों के सीखने में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। इस नवाचार के माध्यम से विद्यार्थी पाठ को केवल याद नहीं करते, बल्कि अभिनय के जरिए उसे समझते और अनुभव करते हैं।शिक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत किसी भी पाठ को पढ़ाने से पहले विद्यार्थियों को विभिन्न पात्रों की भूमिकाएं दी जाती हैं। उन्हें घर पर संवादों का अभ्यास करने तथा पाठ का अर्थ समझने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके बाद कक्षा में रोल प्ले आयोजित किया जाता है, जहाँ बच्चे पात्रों के अनुरूप अभिनय करते हुए संवाद प्रस्तुत करते हैं। इस दौरान शिक्षक मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हुए उच्चारण, अभिव्यक्ति और विषय की समझ को बेहतर बनाने में सहयोग करते हैं।इस नवाचार का सबसे अधिक लाभ संकोची एवं कमजोर विद्यार्थियों को मिला है, जो बच्चे पहले कक्षा में बोलने या मंच पर आने से झिझकते थे, वे अब पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी भूमिका निभा रहे हैं। नियमित अभ्यास से उनकी पठन क्षमता, शुद्ध उच्चारण, शब्द भंडार, अभिव्यक्ति कौशल और विषय की समझ में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। रोल प्ले आधारित शिक्षण ने कक्षा को अधिक सक्रिय, सहभागितापूर्ण और बाल-केंद्रित बनाया है। इससे बच्चों में सहयोगात्मक अधिगम, नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल, रचनात्मक सोच तथा समस्या समाधान जैसे जीवन कौशल भी विकसित हो रहे हैं।

### आईआईटी कानपुर से महेश जायसवाल ने प्राप्त किया ई-मास्टर्स की उपाधि

**बम्हनीडीह।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के जूनियर इंजीनियर महेश कुमार जायसवाल ने देश के प्रतिष्ठित भारतीय



प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर से ई-मास्टर्स इन पावर सेक्टर रेगुलेशन, इकोनॉमिक्स एंड मैनेजमेंट की उपाधि प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उन्हें यह उपाधि 14 जुलाई को आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रदान की गई। महेश कुमार जायसवाल ने इस विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत विद्युत क्षेत्र के विनियमन, पावर मार्केट, स्मार्ट ग्रिड, नवीकरणीय ऊर्जा नीति, विद्युत क्रय व्यवस्था, टैरिफ निर्धारण तथा विद्युत क्षेत्र के विधिक एवं अंतरराष्ट्रीय पहलुओं सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों का गहन अध्ययन किया। उन्होंने दिसंबर 2025 में इस पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। वर्तमान में महेश जायसवाल छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। वे पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन के साथ-साथ सौर ऊर्जा एवं विद्युत क्षेत्र से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं के संचालन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## निधन

### सहोद्रा बाई आदित्य

**शिवरीनारायण।** नगर के गांधी वार्ड क्रंमाक 6 निवासी सहोद्रा बाई आदित्य का बुधवार 15 जुलाई



की शाम 75 वर्ष के आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तीधाम में गुरूवार 16 जुलाई को सुबह किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन,सजातीय बंधु समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। स्व. सहोद्रा बाई संतोष आदित्य की मां एवं तुषार आदित्य, उमेश आदित्य के दादी थी।

रथ पर आरुढ़ होकर निकले भगवान, 9 दिनों तक मौसी के घर में करेंगे विश्राम

# जय जगन्नाथ के जयकारे के साथ निकली रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा जगह-जगह निकाली गई। इस दौरान पूरा अंचल जय जगन्नाथ के जयकारे से गूंज उठा। गुरुवार 16 जुलाई को रथ यात्रा को लेकर हिन्दू धर्मावालंबियों में खासा उत्साह रहा। बच्चों की टोलियां सुबह से रथ यात्रा निकालने में जुटी रही तो वहीं जिला मुख्यालय जांजगीर में वृंदावन भक्ति कुटीर द्वारा रथ यात्रा निकाली गई। इसके अलावा जिले के प्रमुख शहरों और लगभग सभी गांवों में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और पूरा अंचल जय जगन्नाथ के जयकारे से गूंज उठा।

गुरुवार 16 जुलाई को रथ यात्रा जगह-जगह निकाली गई। जग के पालनहार रथ पर सवार होकर निकले तो पूजन के लिए पूरा गली उमड पड़ा। भाई भलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ भगवान जगन्नाथ को मंदिर से बाहर पूरे विधान के साथ निकलकर रथ की सात बार परिक्रमा कराई गई। जैसे ही श्रद्धालुओं को भगवान ने दर्शन दिए जय जगन्नाथ के जयकारे से गुज उठा। वृंदावन भक्ति कुटीर, जांजगीर के तत्वावधान में गुरुवार 16 जुलाई को भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा



रथ में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकले भगवान जगन्नाथ।

महारानी की भव्य रथयात्रा निकाली गई। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु भगवान के दिव्य दर्शन एवं रथ की रस्सी खींचने का सौभाग्य प्राप्त किया। रथयात्रा का शुभारंभ कलेक्टरेट चौक जांजगीर से हुआ। यात्रा कलेक्टरेट चौक, बीटीआई चौक, कचहरी चौक, नेताजी चौक, वृंदावन भक्ति कुटीर होते हुए अग्रसेन भवन नैला पहुंची। इसके अलावा केरा रोड स्थित संतोषी मंदिर से रथ यात्रा निकाली गई। साथ ही जिले के प्रमुख शहरों और लगभग सभी गांवों में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। भगवान जगन्नाथ के रथ को खीचने के लिए हर श्रद्धालु आतूर नजर आया। प्रातः से ही पूजा अर्चना प्रारंभ की गई। भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर महाआरती की गई।

## धूमधाम से उल्लासर्पूक दो स्थानों से निकली रथयात्रा

**चांपा।** नगर में आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया यानि गुरुवार 16 जुलाई को पाढ़ीघाट एवं श्री जगन्नाथ बड़े मठ से धूमधाम के साथ उल्लासपूर्वक भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं बहन सुभद्रा जी की रथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान समूचा नगर हरिबोल के जयघोष से गूंज उठा। नौ दिनों बाद भगवान की मौसी के यहां विश्राम पश्चात शुक्रवार 24 जुलाई को घर वापसी होगी। रथ यात्रा के दौरान भगवान को गजमूंग एवं मालपुए का प्रसाद अर्पित किया जाता है। इसलिए सदर बाजार से लेकर मोदी चौक तक जगह-जगह मालपुए की दुकानें लगी रही। भगवान का रथ खींचने श्रद्धालुओं में होड़ देखी गयी। दोनों स्थानों से निकली रथयात्रा नगर भ्रमण के बाद रात्रि सदर बाजार स्थित संतोष सोनी एवं नारायण सोनी के निवास पहुंची। यहां नौ दिनों तक मौसी के घर में भगवान भजन-कीर्तन एवं भोग प्रसाद व पूजा-अर्चना के साथ विश्राम करेंगे। बद में उनकी शुक्रवार 24 जुलाई को पुनः बहुड़ा यात्रा के माध्यम से घर (मंदिर) वापसी होगी। उल्लेखनीय है कि नगर की रथ यात्रा 125 वर्षों से भी ज्यादा पुरानी है। रथयात्रा के चलते सदर बाजार से लेकर मोदी चौक तक मालपुए की दुकानें लगी। विशेष रुप से भगवान को गजमूंग, मालपुए एवं नारियल का प्रसाद अर्पित किया गया। नगर के अनेक गली-महोल्लों में नन्हें-मुन्हे बच्चों द्वारा भी छोटी-छोटी गाड़ियों में सजाकर रथ यात्रा निकाली गई।



■ पाढ़ी घाट एवं जगन्नाथ मंदिर से रथ पर निकले भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा

## बच्चों और युवाओं में रथयात्रा को लेकर देखने को मिला विशेष उत्साह

**तुस्मा।** आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर आयोजित भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महापर्व ग्राम तुस्मा में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ स्वामी, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की सुसज्जित प्रतिमाओं को भव्य रथ में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और प्रभु के दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस किया। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान जगन्नाथ,बलभद्र और सुभद्रा अपने मौसी के घर के लिए प्रस्थान करते हैं,जहां वे नौ दिनों तक विश्राम करते हैं। इसके पश्चात दसवें दिन पुनः अपने मुख्य मंदिर लौटते हैं। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए तुस्मा के ज्योदगीर मोहल्ला स्थित गायत्री मंदिर से रथयात्रा का शुभारंभ हुआ।रथयात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए शबरी डेरा मोहल्ला सहित अन्य क्षेत्रों में पहुंची जहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया। जगह-जगह महिलाओं पुरुषों,बच्चों और बुजुर्गों ने हाथ जोड़कर भगवान जगन्नाथ स्वामी से परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। पूरे मार्ग में श्रद्धालु जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ भजन-कीर्तन करते हुए रथ के साथ चलते रहे। बच्चों और युवाओं में भी रथयात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।



## धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ निकली भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा

**अकलतरा।** नगर में भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में धूमधाम से निकाली गई। रथयात्रा का शुभारंभ श्री राम कुटी मंदिर से हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा के जयघोष के साथ नगर भ्रमण किया। रथयात्रा श्री राम कुटी मंदिर से प्रारंभ होकर महामाया मंदिर, पुरानी बस्ती, आजाद चौक, शास्त्री चौक, बजरंग चौक, थाना रोड एवं भगवान परशुराम मार्ग से होते हुए नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करती हुई पुनः मंदिर परिसर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ स्वामी की विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए मूंग एवं चने के प्रसाद का वितरण किया गया। भगवान के दर्शन एवं रथ खींचने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। भजन-कीर्तन और जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा।इस अवसर पर सीताराम महाराज, रमेश सोनी, गिरवर दास महाराज, संतोष यादव सहित रथयात्रा आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## नवागढ़ में भगवान का रथ खींचने सभी वर्गों के लोगों ने बढ़ाया हाथ



**नवागढ़।** जगन्नाथ महाप्रभु का रथयात्रा नगर के राममंदिर से बड़े ही उत्साह से कीर्तन मंडली के साथ निकाला गया। नगरवासियों के लिये आज का दिन बड़े ही उत्साह का रहा। विशेष कर छोटे-छोटे बच्चों में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु का रथ यात्रा देखने की ललक सुबह से बना रहा । रथ में विराजमान भगवान जगन्नाथ के रथ को नगर सभी वर्ग के लोगों आगे बढ़ाने के लिये अपना हाथ लगाया । नगर की महिलायें अपने अपने घरों के सामने आरती की थाली सजाकर पूजा अर्चना कर रही थी नगर का माहौल भक्तिमय भाव से परिपूर्ण था । दुकानदार सुबह से अपने दुकान सजाने में लगे रहे। इस अवसर पर लंबोदर गौंटिया परिवार के सदस्यों ने भी अपनी सहभागिता निभाई। सुरक्षा को लेकर नगर निरीक्षक द्वारा पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराया गया था जिससे असामाजिक तत्वों पर लगा रहे।

## भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का पुष्पवर्षा एवं आरती कर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

धर्म और आस्था की नगरी शिवरीनारायण में भगवान जगन्नाथ की पावन रथ यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ निकाली गई। लगातार हो रही बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था

■ बारिश में भी उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

को डिगा नहीं सकी। दूर-दराज से हजारों श्रद्धालु महाप्रभु जगन्नाथ के दर्शन और रथ यात्रा में शामिल होने शिवरीनारायण पहुंचे।

धार्मिक मान्यता के अनुसार शिवरीनारायण को भगवान जगन्नाथ का मूल स्थान माना जाता है। इसी आस्था के चलते प्रत्येक वर्ष यहां निकलने वाली रथ यात्रा का विशेष महत्व है। रथ यात्रा के दौरान पूरा नगर जय जगन्नाथ के जयघोष, भजन-कीर्तन और धार्मिक



भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकालते श्रद्धालु।

उत्साह से गुंजायमान रहा। सुसज्जित रथ में विराजमान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव से रथ की रस्सी खींचकर महाप्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर के प्रमुख मार्गों से निकली रथ यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा एवं आरती कर स्वागत किया गया। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों और कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। रथ यात्रा शांतिपूर्ण एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## जीवन में शिक्षा ही सफलता का आधार : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों को शासन की योजना के तहत प्राप्त गणवेश का वितरण

■ लायंस स्कूल में आरटीई के तहत विद्यार्थियों को गणवेश का वितरण

लायंस शिक्षण समिति एवं लायंस क्लब के पदाधिकारियों द्वारा मंगलवार 14 जुलाई को दोपहर 12 बजे से लायंस क्लब भवन में आयोजित एक समारोह के दौरान किया गया। स्कूल प्रबंधन की इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें समान अवसर उपलब्ध कराना है।

इस अवसर पर लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा ही सफलता का आधार है। उन्होंने बच्चों को



छात्राओं को गणवेश वितरित करते लायंस पदाधिकारी

अनुशासन, नियमित अध्ययन तथा अच्छे संस्कारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। एमजेएफ लायन संतोष कुमार सोनी ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को उपलब्ध अवसरों का पूरा लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने बच्चों को मेहनत, लगन एवं आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। गणवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापन के साथ हुआ। इस मौके पर लायंस क्लब शिक्षण समिति के सचिव लायन सीए. सुरेश कुमार अग्रवाल एवं लायंस क्लब के सचिव लायन वासुदेवचंद देवांगन मौजूद थे।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने देवेंद्र

**बाराद्वार।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय नया बाराद्वार में छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशन में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से पदाधिकारी अध्यक्ष के रूप में देवेंद्र यादव मनोनीत हुए। इस अवसर पर मनोनीत अध्यक्ष श्री यादव ने आभार व्यक्त करते हुए सभी से परिचर्चा कर विद्यालय हित में मिलकर कार्य करने की बात कहीं। उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता महंत, सचिव ऋषिकेश गुप्ता,



पालक अधिकारी श्रीमती नीलिमा बड़गे एबी ईओ, सदस्य आर. के.मनहर , श्रीमती सीमा पटेल, राज टंडन, कुमारी श्वेता धन्डेल, दाताराम काठले, लुकेश कुमार कुर्रे, विश्वजीत बनाए गए है।

## 86 छात्राओं को साइकिल वितरण




**हसौद।** शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हसौद में शनिवार को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा नवमी की 86 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी आधारशिला है। छात्राओं को लगन और मेहनत के साथ अध्ययन कर अपने परिवार, विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही कहा गया कि शासन द्वारा संचालित सरस्वती साइकिल योजना का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य अरुण जायसवाल समेत विद्यालय के समस्त स्टाफ, अतिथिगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जिला प्रभारी ने सक्ती रेस्ट हाउस में पत्रकारों से की चर्चा

# राम मंदिर चढ़ावा मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

राम मंदिर चढ़ावा मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की गई है। इसे लेकर जिला प्रभारी आशीष सिंह ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी।

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद अब चंदे और चढ़ावे को लेकर देशव्यापी राजनीतिक विवाद गहरा गया है। इसी कड़ी में गुरुवार 16 जुलाई को सक्ती रेस्ट हाउस में कांग्रेस द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए प्रभारी आशीष सिंह ठाकुर और जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रश्मि गभेल ने सत्तापक्ष और मंदिर ट्रस्ट पर आस्था के नाम पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाए है। प्रभारी आशीष सिंह ठाकुर ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम करोड़ों




पत्रकारों से चर्चा करते प्रभारी आशीष सिंह एवं अन्य कांग्रेस नेता।

भारतीयों की आस्था और संस्कृति के अटूट प्रतीक हैं। मंदिर निर्माण के लिए समाज के हर वर्ग चाहे वह गरीब हो, किसान हो, मजदूर हो या महिलाएं सभी ने अपनी मेहनत की कमाई और जीवनभर की बचत को दान किया था, लेकिन आज उस चंदे के प्रबंधन पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सत्तापक्ष और ट्रस्ट आस्था की आड़ में जनता की गाढ़ी कमाई के हिसाब से बच रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि यदि किसी भी स्तर पर कोई गड़बड़ी नहीं हुई है, तो मामले की निष्पक्षता साबित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक स्वतंत्र जांच कराने से सरकार कतरा क्यों रही है। प्रेसवार्ता के दौरान विपक्ष ने सरकार और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सामने तीन मुख्य प्रश्न रखे। प्रेसवार्ता में महामंत्रीगण गिरधर जायसवाल, पिंटू ठाकुर, घनश्याम देवांगन, प्रवक्ता दिगम्बर चौबे, किसान कांग्रेस से साधेश्वर गबेल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश राठौर, ब्लॉक अध्यक्षगण रामप्यारे सिदार, श्याम कुमार केवट, गोपाल भारद्वाज; मंडल अध्यक्ष लाला सोनी, मोर्चा संगठन से पवन साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता कालू अग्रवाल, रशीद खान, रथराम पटेल, पुरुषोत्तम साहू, राकेश महंत, अलका जायसवाल तथा अधिवक्तागण बंशी खांडे, उमाशंकर चन्द्रा व जागेश्वर सिंह राज उपस्थित रहे।

